हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 34.0 डिग्री

10 लोगों की समस्याओं का हल अफसरों की सर्वोतम प्राथमिकता: अनिल कुमार



10 हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए विभाग कृतसंकल्प



## खबर संक्षेप

### पिस्तोल-जिंदा कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने घोड़ा पुली के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि मीट मार्केट के निकट घोड़ा पुली पर एक व्यक्ति अवैध असलहा के साथ खडा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### मकान से जेवरात व 70 हजार पर किए हाथ साफ

**कैथल।** गोविंद नगर में चोर एक मकान से 16 तोले सोने के गहने, एक किलो चांदी के गहने व सिक्के और 70 हजार रुपये नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गोविंद नगर निवासी ललित मित्तल ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 16 जून को वह सुबह पांच बजे अपनी रिश्तेदारी में शिमला गया था।

### खिड़की उखाड़ 70 हजार की नकदी चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव पीपलथा में बीती रात चोरों ने मकान की खिड़की उखाड़ कर 70 हजार रुपये की नगदी तथा घड़ी को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पीपलथा निवासी वसन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर मकान के पीछे लगी खिड़की का उखाड़ कर अंदर घुस गए।

### कैथल: महिला का पर्स छीनकर आरोपी फरार

**कैथल।** खेड़ी सिकंदर में पुल के पास अज्ञात एक महिला का पर्स छीनकर भाग गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव सिरसल निवासी राहुल ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 17 जून को वह और उसकी पत्नी बाइक पर खेड़ी सिकंदर में पुल के पास से जा रहे थे। वहां अज्ञात आरोपी उसकी पत्नी के हाथ से पर्स छीनकर भाग गया।

### युवक को घायल करने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** दुर्गा कालोनी में युवक पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्गा कालोनी निवासी दीपक ने शिकायत में बताया कि वह रोहतक रोड रेलवे लाइन के साथ पार्क में अंकित व अन्य के साथ बैठा हुआ था। उसी दौरान आरोपितों ने उस पर हमला कर दिया।

### सड़क हादसों में दो घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** सड़क हादसों में दो युवक घायल हो गए। पहले मामले में गांव कसान के संदीप ने कलायत थाना में शिकायत दी कि 13 जून को वह अपनी बाइक पर सवार होकर गांव खरक पांडवा से जा रहा था। वहां पर अज्ञात कार चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। जांच अधिकारी जसबीर ने बताया कि पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** पटियाला चौक न्यू हांसी रोड पर युवती के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बधक बनाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करसिंधु निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी न्यू हांसी रोड पर आई थी। जो गत दिवस वहां से गायब हो गई।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र के गांव की एक बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना महिला पुलिस की लेडी एचसी पिंकी द्वारा पीड़िता के पति गांव गंगाटेहड़ी जिला करनाल निवासी गुरमीत को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

## आईटीआई में दाखिले के लिए मारामारी, दाखिले के लिए तीन दिन शेष

# 5244 सीटों पर राजकीय आईटीआई में 6705 विद्यार्थियों ने आवेदन किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

आइटीआई में दाखिले के लिए विद्यार्थी लगातार आवेदन कर रहे हैं। हालांकि आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून है लेकिन जींद की नौ सरकारी और 16 निजी आइटीआई की कुल 5244 सीटों पर अकेले जींद की राजकीय आईटीआई में ही विभिन्न ट्रेडों के लिए 6705 ने आवेदन कर डाला है। जिससे साफ जाहिर है कि आईटीआई में एडमिशन लेना आसान नही होगा और मेरिट लिस्ट काफी ऊंची जाएगी। दाखिले को लेकर जिले में जींद शहर की राजकीय आइटीआई हमेशा की तरह विद्यार्थियों की पहली पसंद बनती है। जिले भर में नौ सरकारी और 16 निजी आइटीआई हैं। इनमें 5244 के करीब सीटें हैं। जिनमें सरकारी आइटीआई की 2688 और प्राइवेट आइटीआई की 2556 सीटें शामिल हैं। दसवीं में करीब 19 हजार और 12वीं में 17 हजार से 'यादा विद्यार्थी पास आउट हुए हैं। सात जून से दाखिला प्रक्रिया जारी है और 21 जून अंतिम तिथि है। ऐसे में हजारों छात्रों ने तकनीकी शिक्षा में महारत हासिल करने के लिए आवेदन कर डाला है। जिले के विभिन्न राजकीय आइटीआई में निर्धारित सीटों से चार गुणा तक छात्रों ने आवेदन किया है। आवेदक को एडमिशनस डाट आइटीआइ हरियाणा डाट जीओवी डाट इन पर आवेदन करना होगा। दाखिले को लेकर हर तरह की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की तरफ से राजकीय आईटीआई सहित अन्य आईटीआई में हैल्प डैस्क लगा दिया गया है। आईटीआई में दाखिले के लिए विद्यार्थी के पास अपना आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, ई-मेल आईडी, बैंक खाता संख्या, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, नवीनतम फोटो, हरियाणा के स्थायी निवासी का प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज जरूरी हैं। ऑनलाइन दाखिला आवेदन पत्र में प्रार्थी अपनी योग्यता अनुसार व्यवसाय व संस्थान के विकल्प भर सकता है।

### जींद राजकीय आईटीआई 6705 आवेदन के साथ प्रदेश में द्वितीय



जींद। दाखिले के लिए आवेदन करते हुए छात्र। फोटो: हरिभूमि

### आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जून

राजकीय आइटीआई जींद के प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि आइटीआई में दाखिले को लेकर एडमिशन फॉर्म भरने के लिए अलग से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता। इसके अतिरिक्त आवेदन कर्ता अपने स्तर पर या किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर भी आवेदन कर सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जून है। दाखिला लेने के इच्छुक आवेदन कर्ता को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जींद राजकीय आईटीआई 6705 आवेदन के साथ प्रदेश में दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

ट्रेड अनुसार दाखिलों के लिए आवेदन सूची

| ट्रेड का नाम | आवेदन की संख्या |
|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 1527 |
| कंप्यूटर आप्रेटर प्रो. असिस्टेंट | 740 |
| फिटर | 551 |
| मैकेनिक डीजल | 306 |
| रेफ्रिजरेटर एवं एसी तकनीशियन | 304 |
| स्टैनोग्राफर इंग्लिश | 285 |
| स्टैनोग्राफर हिंदी | 281 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 277 |
| इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक | 272 |
| पलम्बर | 243 |
| ड्राफ्ट्समैन (सिविल) | 195 |
| मशीनिस्ट | 167 |
| टर्नर | 119 |
| ड्राफ्टसमैन (मैकेनिकल) | 119 |
| मैकेनिक ट्रैक्टर | 97 |
| वैल्डर डयूअल | 95 |
| तकनीशियन इलेक्ट्रीशियन | 80 |
| फिटर डयूल | 60 |
| ड्रेरस मेकिंग | 59 |
| पेंटर जनरल | 56 |
| मैकेनिकट डीजल डयूल | 38 |
| स्यूइंग टैक्नोलॉजी | 35 |
| वूड वर्क तकनीशियन | 34 |
| जियो इन्फोटिक्स | 28 |
| कुल | 6705 |



कलायत। जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## गांव खेड़ी लांबा के ग्रामीणों का पेयजल संकट को लेकर धरना

- 11 करोड़ के गोलमाल की जांच के लिए मुख्यमंत्री गठित करें कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

जन स्वास्थ्य विभाग कैथल सर्कल के अधीन विभिन्न मंडल और उप मंडलों में पेयजल प्रबंधन के नाम पर चल रहे गड़बड़झाले से पैदा हुए पेयजल संकट का मुद्दा ठंडा पड़ने का नाम नहीं ले रहा है। गर्मी के मौसम के बीच दिन-प्रतिदिन शहरी-ग्रामीण अंचल में पेयजल पूर्ति की बजाए खिलवाड़ करने पर लोगों का गुस्सा फूट रहा है। मंगलवार को खेड़ी लांबा के ग्रामीणों ने नकारा साबित हो रही मोटरों और अन्य उपकरणों के कारण गांव में ठप्प पेयजल सप्लाई से परेशान होकर कलायत स्थित जन स्वास्थ्य विभाग उप मंडल कार्यालय परिसर में धरना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा पेयजल प्रबंधन के लिए जारी राशि में भारी भ्रष्टाचार के आरोप विभाग के अधिकारियों पर लगाए। विरोध प्रदर्शन में खुद गांव के सरपंच सोनू भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले काफी दिनों से गांव में पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो रही। ऐसे में करोड़ों रुपए की पेयजल योजना ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी बनकर रह गई है। पेयजल प्रबंधन के नाम पर जिला भर में मोटी रकम अधिकारी डकार रहे हैं। जबकि उपभोक्ता पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। लेकिन न तो बोरवैल से पानी मिल रहा है और न ही टैंकों से। लांबा पट्टी और अनुसूचित वर्ग की आवासीय कालोनी में पेयजल की भारी किल्लत है। या तो पानी की सप्लाई आती नहीं और यदि आती है तो वह पीने के लायक नहीं होता। लोगों ने कलायत विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ जन स्वास्थ्य विभाग के सभी तीन मंडलों में पेयजल व्यवस्था के नाम पर चल रहे फजीर्वाड़ा की जांच करवाने को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से विशेष जांच एजेंसी गठित करने की मांग की।

## जुलाना : गुरूद्वारे में लगी आग

- फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्त के बाद आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे के वार्ड पांच में स्थित गुरूद्वारा में मंगलवार दोपहर के समय अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पाकर फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौके पर पहुरचे और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। जुलाना निवासी मोहित ने बताया कि मंगलवार को दोपहर के समय गुरूद्वारे में रखे कूलर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से गुरूद्वारे में धुआं फैल गया। इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पाकर फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक काफी सामान जलकर राख हो चुका था।



जुलाना। वार्ड पांच में स्थित गुरूद्वारे में आग लगने से जला सामान।

## 72 घंटे के बाद नहर में तैरता मिला शुभम का शव

- सफीदों से 10 किलोमीटर दूर गांव छाप्पर के पास मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

सफीदों की हांसी ब्रांच नहर में नहाते समय डूबे युवक शुभम का 72 घंटे के बाद सफीदों से 10 किलोमीटर दूर गांव छाप्पर के पास नहर में तैरता हुआ मिला। सूचना पाकर सिटी पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने मौके पर जाकर शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नगर के नागरिक अस्पताल में रखवाया।

गौरतलब है कि आदर्श कालोनी सफीदों निवासी शुभम उर्फ बच्ची (28) रविवार को नहर में नहाने के लिए कूद गया और कुछ ही देर में पानी के आगोश में समा गया। शुभम गाड़ियों के साथ काम पर जाया करता था। सुबह को वह घर से यह कह कर गया था कि वह गाड़ी के साथ सरहिंद जा रहा है लेकिन वह गाड़ी पर जाने की बजाए नहर पर नहाने के लिए पहुंच गया। काफी खोजबीन के बाद भी शुभम कहीं पर भी नहीं मिला। पीछे से नहर में पानी कम करवा कर स्थानीय लोगों सहित फेमस गोताखोर परगट सिंह ने करनाल से पहुंचकर नहर में बड़ा सर्च अभियान चलाया था लेकिन शुभम का कुछ भी अतापता नहीं चल पाया था। मंगलवार सुबह गांव छाप्पर के नजदीक से कोई राहगीर नहर की पटरी-पटरी आ रहा था और उसने देखा कि नहर में एक लाश तैरती हुई जा रही है। रास्ते में उसको शुभम के परिजन मिल गए और उसने जानकारी उनको दी।



परिवार को ढांढस बंधाती महिलाएं।

### माता-पिता और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल

मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया। शव बाहर निकालने के बाद परिजनों ने उसकी शिनाख्त कर ली। अपने बेटे का शव देखकर उसके माता-पिता व अन्य रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल था। इस मौके पर काफी तादाद में गांव छाप्पर के ग्रामीण व महिलाएं जुट गई थी। ग्रामीणों ने माता-पिता व रिश्तेदारों को ढांढस बंधाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सफीदों के नागरिक अस्पताल में रखवाया और उसका पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई विकास ने कहा कि सफीदों में कोई गोताखोर नहीं है।

## 65 हजार 605 किसानों के खाते में डाले 300 करोड़

- किसानों को सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में काम कर रही केंद्र-राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता है, किसान देश के कर्णधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों को सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में काम कर रही है। पिछली सरकारों को सिर्फ राजनीति से मतलब था लेकिन आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सिर्फ आपकी चिंता और आपके हित के लिए काम कर रहे हैं। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित पीएम किसान सम्मान निधि किस्त हस्तांतरण समारोह में किसानों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी की और किसानों को अपना संदेश दिया। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की कल्याणकारी नीतियों के कारण प्रत्येक वर्ग खुश है, जिसकी बदौलत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। देश व प्रदेश में करोड़ों लोग इस योजना का लाभ ले रहे हैं। कैथल जिला की बात करें तो 65 हजार 605 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं। आज 17वीं किस्त के तहत जिला के किसानों को लगभग 300 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खाते में डाली गई है। कहा कि हरियाणा पहला ऐसा राज्य है, जहां सरकार 14 फसलों को एमएसपी पर खरीदती है। भावांतर भरपाई योजना के तहत किसानों को मजबूत करने का काम किया जा रहा है।



हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा कार्यक्रम को संबोधित करते।

## कनाडा भेजने का झांसा दे 16 लाख हड़पे

- कनाडा का वर्क वीजा तथा एयर टिकट भी निकली फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

वर्क वीजा पर युवक को कनाडा भेजने का झासा देकर 16 लाख रूपये हडपने का मामला सामने आया है। युवक को जो वर्क वीजा तथा एयर टिकट भेजी गई वह भी फर्जी पाई गई। अलेवा थाना पुलिस ने पीडित की शिकायत पर तीन लोगो के खिलाफ धोखाधडी, इमीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गाव अलेवा निवासी रणवीर ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की उसकी बुआ गाव दूबल कैथल मे विवाहित है। वह अपनी बुआ के घर गया हुआ था। वहा पर उसकी मुलाकात गाव दूबल निवासी आकाश तथा विजेद्र से हुई। बातचीत के दौरान उन्होने बताया की वे युवको को विदेश भेजने का काम करते है।

दोनो की बातो मे आकर उसने अपने बेटे विपिन को कनाडा भेजने की बात कही। जिसकी एवेज मे आरोपितो ने 23 लाख रूपये की डिमाड की। नौ मई 2022 से 11 जून 2022 तक आरोपितो के खाते मे 16 लाख रूपये भेजे जा चूके थे। जिसके बाद आरोपितो ने उसके पास कनाडा का वर्क वीजा तथा एयर की टिकट भेजी दी। आरोपितो के साथ गोबिदगढ पजाब निवासी दलजीत भी शामिल था। आरोपितो ने विपिन का पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया। 12 जून को वे विपिन को छोडने के लिए दिल्ली एयर पोर्ट गए तो वीजा तथा एयर टिकट फर्जी पाई गई। जब उन्होने रूपये वापस मागे तो कुछ दिन इंतजार करने के लिए कहा गया। बाद मे आरोपितो ने राशि देने से मना कर दिया ओर बुरा अजाम भूगतने की धमकी दी।

### जांच जारी

अलेवा थाना के जांच अधिकारी राजेश ने बताया की पीडित व्यक्ति ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिंलहाल तीन लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जाच कर रही है।

## लोकसभा चुनाव में पूंडरी विस से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल विजयी

# बदल सकता है पूंडरी का राजनीतिक इतिहास

सूरज सहारण ▶▶ कैथल

25 सालों से चला आ रहा पूंडरी विस का राजनीतिक इतिहास इस बार के विस चुनावों में बदल सकता है। ये हम नहीं बल्कि लोकसभा चुनावों के परिणाम बता रहे हैं। लोकसभा चुनाव में पूंडरी विस से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल विजयी रहे हैं। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी दूसरे तथा इनेलो प्रत्याशी ने तीसरा स्थान हासिल किया है। आंकड़ों के अनुसार लोस चुनाव में पूंडरी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी को 56175, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को 44449, इनेलो को 8233, बसपा को 3269 तथा जजपा को 507 मत हासिल हुए। आंकड़ों से ऐसा आभास हो रहा है कि इस बार पूंडरी विधानसभा की जनता भाजपा का समर्थन करती नजर आ रही है। ऐसे में इस बार पार्टी प्रत्याशी निर्दलीय प्रत्याशियों पर भारी पड़ सकता है। हालांकि पूंडरी विस का इतिहास पिछले 25 सालों से निर्दलीय प्रत्याशी के नाम रहा है। यहां की जनता पिछले 25 सालों से निर्दलीय प्रत्याशी को जीताकर विधानसभा भेजती रही है। हालांकि कई पूर्व विधायकों ने पार्टी की टिकट से यहां से किस्मत आजमानी चाही लेकिन उनके हाथ हार ही लगी। इसे पूंडरी हलकावासियों की बदकिस्मत कहें या कुछ ओर लेकिन इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी होने के चलते यह हलका पिछले करीब 20 सालों से विकास को तरसता आ रहा है।

### दो बार चेयरमैन बनाए जाने के बावजूद निर्दलीय प्रत्याशी रणधीर गोलन ने लोस चुनाव में कांग्रेस का दामन थामा

बता दें कि 2019 के विस चुनाव में पूंडरी की जनता ने निर्दलीय प्रत्याशी रणधीर सिंह गोलन को विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा था। किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत न मिलने को लेकर इस बार निर्दलीय विधायकों की खूब डिमांड रही। यही कारण रहा कि रणधीर सिंह गोलन को चेयरमैन भी बनाया गया। इसके बावजूद रणधीर सिंह गोलन लोकसभा चुनाव में भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस के पाले में चले गए।

### रोड और ब्राहमण विधायकों का रहा दबदबा

यह विधानसभा रोड़ बाहुल्य होने के कारण इस पर अधिकतर रोड समाज से ही विधायक बना लेकिन बीच-बीच में ब्राहमण समुदाय के लोगों ने बाजी मारी। इस सीट से केवल तेजवीर सिंह ही ऐसे व्यक्ति हैं जिनके पिता ईश्वर सिंह इस विधानसभा से तीन बार विधायक रहते हुए विधानसभा स्पीकर रहे। इनके बाद पूंडरी हलका की जनता ने 2000 में तेजवीर सिंह को विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा। कौल व ढांड गांव का कालेज व कृषि विश्वविद्यालय ईश्वर सिंह की देन है। ईश्वर सिंह पूंडरी से 1968, 1972, 1982 और 1991 में चार बार विधायक बने हैं। वे 1991 से 1996 तक विधानसभा के अध्यक्ष भी रहे।

## 57 बोतल अवैध शराब, 24 बोतल बीयर के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार ने अवैध व गैर कानूनी कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए जारी किए गए दिशा निर्देशों की पालना करते हुए पुलिस की टीम ने शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए छापामारी के दौरान गांव उझाना से 48 बोतल अवैध देशी शराब व 24 बोतल बीयर के साथ सामंत राम वासी उझाना व 6 बोतल अवैध शराब के साथ आरोपी अश्वनी उर्फ सोनू को काबू किया है। दोनो आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता जींद ने बतलाया की पुलिस की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गांव उझाना बस अड्डा के नजदीक मौजूद थी कि उन्हे गुप्त सूचना मिली की संमतराम वासी उझाना मैरिज पैलेस के पास उसकी दुकान के बाहर अवैध शराब आने जाने वालों को बेच रहा है। पुलिस ने मौके पहुंचकर देखा तो एक शख्स दूकान के आगे बाहर चबूतरा पर पेटियां रखे बैठा दिखाई दिया जो पुलिस पार्टी को देख पेटीयो उठाने की कोशिश करने लगा। जिसे काबू कर पेटियों को पुलिस ने कब्जे में लेकर चेक किया तो पेटीयो में 48 बोतल देसी अवैध शराब व दो पेटी बियर 24 बोतल बरामद हुई।

## खबर संक्षेप

### अतिरिक्त मंडी में आज होगी पायलट रिहर्सल

**उचाना ।** आगामी 21 जून को मना जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले 19 जून को फायर ब्रिगेड के पास अतिरिक्त मंडी में पायलट रिहर्सल होगी। अध्यक्षता एसडीए गुलजार मलिक करेंगे। कार्यक्रम आयोजक उपमंडल प्रशासन एवं आयुष विभाग जींद है। डा. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि पायलट रिहर्सल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गाव बेलरखां से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बेलरखां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### खेत से ट्रांसफार्मर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव हाट में चोरों ने खेत में लगे ट्रांसफार्मर को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने गांव हाट निवासी सुमेर सिंह के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर लगाया हुआ था। बीती रात चोरों ने ट्रांसफार्मर को चोरी कर लिया।

### ज्ञानी कभी भटकेगा नही : साध्वी महिमा

**उचाना ।** तेरापंथ जैन स्थानक में चल रहे प्रवचन में साध्वी महिमा श्री ने कहा कि आज के जमाने में सबसे बड़ा दुख क्या है। कोई कहेगा घर का मकान नहीं है तो दुखी हैए पैसा नहीं है तो दुखीए शादी नहीं हुई तो दुखी अगर हो गई तो दुखी मतलब सब जगह दुख है लेकिन सबसे बड़ा दुख अज्ञान का है। उन्होंने कहा कि ज्ञान के अभाव में जीवन दर.दर की ठोकर खा रहा है।

### आज तीन गांवों में जाएंगे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह

**उचाना।** पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता 19 जून को हलके के तीन गांवों के दौरे करेंगे। हरेंद्र सिंह ने बताया कि सुदकैन खुर्दए सुदकैन कलां एवं छात्तर गांव में आयोजित कार्यकर्ताओं के यहां कार्यक्रम में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचेंगे।

### सीएम के झूठे वादों व दावों पर भरोसा न करें युवा

**उचाना।** आम आदमी पार्टी हिसार लोकसभा उपाध्यक्ष राजरूप छात्तर ने सीएम नायब सिंह सैनी के तीन महीने में 50 हजार नौकरी देने के वायदे पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि जो काम भाजपा पिछले पांच साल में नहीं कर सकी वो तीन महीने में करने का वायदा कर युवाओं को बरगलाने का काम कर रही है। विधानसभा चुनाव से पहले 50 हजार पद देने हरियाणा सरकार के बस की बात नहीं है।

### कर्मचारी संघ करनाल में 29 को करेगा प्रदर्शन

**जींद ।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश पदाधिकारियो की बैठक कैथल जाट धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कंवरपाल ने की और संचालन प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव ने किया। बैठक में विशेष रूप से भारतीय मजदूर संघ के प्रांत महामंत्री हवासिंह मैहला और प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक विषय एवं आंदोलन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

### परमिंद्र सैनी बने एबीवीपी के जिला संयोजक

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा का प्रांत अभ्यास वर्ग 14 से 17 कुरुक्षेत्र में संपन्न हुआ। इसमें हरियाणा के सभी जिलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । इसमें जींद जिले के जिला संयोजक की जिम्मेवारी चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के लोक प्रशासन विभाग के छात्र परमिंद्र सैनी को दी गई।

---

### एसडीएम ने समाधान शिविर में अधिकारियों को दिए निर्देश

# जनसमस्याओं का समाधान अफसरों का दायित्वः अनिल

**अधिकारी सरकारी सुविधाओं एवं सेवाओं को पात्र व्यक्तियों तक संजीदगी एवं ईमानदारी से पहुंचाने का प्रयास करें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। लघु सचिवालय सभागार में मंगलवार को समाधान शिविर में पहुंचे लोग एसडीएम के सामने समस्या रखते।

जनसाधारण की समस्याओं का समाधान अधिकारियों की सवार्ेच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारियों का विशेष फोकस रहे कि अपने-अपने विभाग से संबंधित सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का पात्र व्यक्ति को लाभ मिलना लाजमी बने। यह निर्देश एसडीएम अनिल कुमार दून ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को दिए। समाधान शिविर में एसडीएम ने कहा कि रा'य सरकार अंतोदय कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में समाज के गरीब तबकों एवं आमजन के जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रमों की सार्थकता अधिकारियों की निष्ठापूर्ण जवाबदेही एवं पारदर्शी कार्य शैली पर निर्भर करती है। लिहाजा सभी अधिकारी सरकारी सुविधाओं एवं सेवाओं को पात्र व्यक्ति तक संजीदगी एवं ईमानदारी से पहुंचाने का प्रयास करें। एसडीएम श्री दून ने बताया कि समाधान शिविर के प्रति लोगों का रुझान दिन- प्रतिदिन बढ़ रहा है। एसडीएम के अनुसार मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में पिछले दिनों की अपेक्षा सबसे 'यादा यानि 52 शिकायतें प्राप्त हुई। सबसे 'यादा यानि 20 शिकायतें परिवार पहचान पत्र में आय से संबंधित व अन्य त्रुटियों को दूर करवाने के संबंध में मिली है।





#### सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित छह आवेदन मिले

इसके अलावा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित 6 आवेदन तथा प्रॉपर्टी आईडी के अंतर्गत तीन आवेदन प्राप्त हुए हैं। एसडीएम ने बताया की फैमिली आईडी में मिल रही खामियों का निदान संबंधित पोर्टल पर दर्ज करने के बाद मुख्यालय द्वारा किया जा सकता है। यह सभी शिकायतें सूचीबद्ध कर निरंतर मुख्यालय को भेजी जा रही है। एसडीएम श्री दून ने आगे बताया कि शिविर में प्राप्त होने वाली राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, जमाबंदी, 100-100 गज के प्लॉट, इंतकाल, अवैध कब्जे वगैरहा से संबंधित समस्याओं का नियमानुसार समाधान करने के लिए अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिए जा रहे हैं। समाधान शिविर में डीएसपी अमित भाटिया, बीडीपीओ जितेंद्र कुमार, एसडीओ बिजली विभाग रामपाल दहिया, एसडीओ सिंचाई विभाग सुखदर्शन सिंह, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग नवीन कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे

---

# प्रतिनिधि मंडल मनोहर लाल से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



जींद। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिलकर स्वागत करते एमबीबीएस विद्याार्थियों को प्रतिनिधि मंडल। फोटो :हरिभूमि

एमबीबीएस विद्यार्थी डा. विनय श्योकंद काकड़ोद की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से दिल्ली हरियाणा स्टेट गेस्ट हाऊस में मिला। डॉण विनय श्योकंद ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग वजीफा निधि में बढ़ोतरी जो पहले 17 हजार रुपये है उसे 30 हजार रुपए करवाना थी। जब केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल प्रदेश के सीएम थे तो विद्यार्थियों का प्रतिनिधिमंडल उनसे तीन से चार बार मिल चुका है। अब दोबारा से फिर उस मांग को याद दिलाने के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिले ताकि जो मांगे है वो जल्द से जल्द पूरी हो। श्योकंद ने कहा कि जब प्रदेश के सीएम मनोहर लाल थे तो उनसे प्रतिनिधि मंडल मिला था। तब तत्कालीन सीएम ने तुरंत प्रभाव से उनकी मांग को पूरी करने के निर्देश दिए थे लेकिन प्रदेश के सीएम बदले जाने के चलते उनकी मांग अधर में लटक गई। इस मांग को पूरा करवाने के लिए वो दोबारा मिले तो चुनाव की घोषणा होने के चलते आचार संहिता लग गई। जिसके चलते उनकी मांग पूरी नहीं हुई।

# धोखाधड़ी से शादी कर देह व्यापार में धकेला

- पीड़िता की दो माह पहले हुई थी शादी, नशीला पदार्थ पिलाकर दूसरों को परोसा
- तलाक का दिया गया शपथ पत्र भी निकला फर्जी, पुलिस मामले की जांच मे जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

तलाक होने का फर्जी शपथ पत्र देकर दूसरी शादी रचाने तथा नशीला पदार्थ देकर जबरन देह व्यापार मे धकेलने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर पीड़िता के साथ मारपीट की जाती। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ यौन शोषण करने, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी भिवानी निवासी लक्ष्मीनारायण से गत 21 अप्रैल को हुई थी। शादी के दौरान लक्ष्मी नारायण ने शपथ पत्र दिया था कि उसका पहली पत्नी से तलाक हो चुका है। शादी के बाद से लक्ष्मी नरायण ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसको नशीला पदार्थ देकर दूसरे लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनवाने शुरू कर कर दिए ।

### प्रदेश में बनेंगी कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से सरकार

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने हलके के तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन कालता, भौंसलाए रोजखेड़ाए धनखड़ी गांव के दौरे किए। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। गांव में मुख्य रूप से पीने के पानी की समस्या के समाधान की मांग कांग्रेस नेता से लोगों ने की। समस्याओं के समाधान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन भी पूर्व सांसद ने किए। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में आने वाला कल कांग्रेस का है। विस चुनाव में कांग्रेस बड़े बहुमत से प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली थी। इस बार पांच सीटों पर कांग्रेस जीती। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुशील गुप्ता कम अंदर से कुरुक्षेत्र से हारे। भाजपा से अधिक वोट प्रतिशत कांग्रेस को मिली तो विधानसभाओं में भाजपा से अधिक 46 विधानसभाओं में इंडिया गठबंधन को जीत मिली। ये चुनाव इस बात का संकेत दे रहे है कि प्रदेश में आने वाली सरकार किसी बन रही है।

---

# आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

- डीएसपी ने दिया आश्वासन, लघु सचिवालय पर प्रदर्शन, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने व आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने मंगलवार को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी परिजन डीएसपी से मिले और न्याय की गुहार लगाई। डीएसपी ने मामले में निष्पक्ष और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन से पहले दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों ने बताया कि नरवाना क्षेत्र की रहने वाली हाल आबाद शहर थाना क्षेत्र की एक युवती ने महिला थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि गत 20 अप्रैल को गांव बुआनी भिवानी निवासी युवक उसके घर आया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में दो साथी भी आए और सामूहिक दुष्कर्म किया।

महिला थाना पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 28 अप्रैल को मामला दर्ज किया था लेकिन अब तक भी इस मामले में आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नही की गई है। अभी भी आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। जिससे उसे व उसके परिवार को जान का खतरा है। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि अतुल चौहान ने कहा कि अब पीड़िता को धमकियां दी जा रही हैं।

### फीस कम नहीं की तो वीसी कार्यालय का घेराव

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चौधरी रणबीर सिंह विवि प्रशासन को बीएएलएलबी व बीटेक जिसकी फसी 75 हजार व ग्रेजुएशन जिसकी फीस 18 हजार रुपये कॉलेज के मुकाबले तीन गुणा अधिक है। एबीवीपी नेता सचिन चांदपुर ने बताया कि फीस को कम करने के लिए वाइस चांसलर को कई बारी ज्ञापन दे चुके हैं। परंतु सुनवाई नही हो रही है। अब इस समस्या को लेकर एबीवीपी आक्रामक तेवर में है। जल्द ही यदि फीस घटाने पर कोई फैसला नहीं लिया गया तो एबीवीपी पुतला फूंक कर कुलपति के कार्यालय का घेराव कर उसी में धरना देंगे। एबीवीपी नेता रोहन सैनी ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन कहता है कि यह है कोर्स सेल्फ फाइनेंस है, वह उनके पास इन्हें चलाने के लिए पैसे नही हैं। इसलिए उनकी फीस इतनी अधिक है। परंतु उनके पास एसी लगवाने के लिए एक करोड़ रुपये आ जाते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य छात्रों को सस्ती शिक्षा मुहैया करवाना होता है न कि सरकार द्वारा दिए गए फंड का प्रयोग अपनी वीआईपी सुविधा पूरा करने के लिए होता है।

# सीवरेज के मेनहॉल का लेबल सड़क से कम होने से वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



जींद। रजबाहा रोड पर सीवरेज के मेनहॉल जिन लेबल सड़क से नीचा है।

रजबाहा रोड पर सीवरेज के जो मेनहॉल है उनका लेबल सड़क से नीचा होने के चलते वाहन चालकों विशेषकर दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर सीवरेज के मेनहॉल के ढक्कन सड़क से नीचे होने से दो पहिया वाहन चालक गिर कर चोटिलें तक हो चुके है। चालकों ने जिन सीवरेज के मेनहॉल का लेबल ठीक नहीं है उसको ठीक करने की मांग की है ताकि किसी तरह की घटना न हो। रिषि, धर्मबीर, संजय ने कहा कि रजबाहा रोड शहर में आने के लिए प्रमुख रोड है। यहां से वाहनों का आवागमन सबसे अधिक होता है। यहां पर जो सीवरेज के मेनहॉल है उनका लेबल सड़क से नीचा होने के चलते हादसा होने का डर रहता है। कई बार दो पहिया वाहन चालक गिर चोटिलें हो चुके है तो वाहनों को भी इससे नुकसान होता है।

---



जींद। मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

### तीस तक चलाया जाएगा मलेरिया रोधी अभियान

**जींद।** गर्मी के मौसम में जगह-जगह जलभराव एवं गंदगी होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आसपास एवं घर के अंदर मच्छरों के पनपने के स्थान या घरों के आसपास होने वाले जल जमाव, गमले एवं पशु व पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना आवश्यक है। इसे देखते हुए सरकार की ओर से मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए मलेरिया रोधी माह मनाया जाएगा। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को गर्मी के मौसम में मलेरिया, डेंगू आदि से सजग व सतर्क रहने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार मलेरिया व डेंगू की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है। स्वास्थ्य निरीक्षक बिजेंद्र कुमार बूरा ने बताया कि लक्षण से पीड़ित मरीजों की पहचान कर लोगों से अपील की है कि मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बुखार होने पर जांच करवाएं। डेंगू की शुरुआत तेज बुखार और सिर दर्द व पीठ में में दर्द से होती है। शुरू के दिनों में शरीर के जोड़ों में दर्द होता है। आंखें लाल हो जाती है। डेंगू बुखार दो से चार दिनों तक होता है उसके बाद शरीर का तापमान धीरे.धीरे अपने आप नॉर्मल होने लगता है।

# जींद को औद्योगिक क्षेत्र बनवाया जाएः शर्मा

- मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन का उद्देश्य जींद का विकास : शिवनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। ग्रामीणों के साथ शिवनारायण शर्मा। फोटो :हरिभूमि

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन का एक कार्यक्रम तलोडा खेडी गांव में बैरागी चौपाल में आयोजित करवाया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला व पुरूष पहुंचे। प्रधान शिवनारायण शर्मा ने अपने संगठन के मुख्य उद्देश्यों के बारे में सभी गांव के गणमान्य व्यक्तियों के सामने रखे। कहा कि हमारी पहली मांग जिला जींद को औद्योगिक क्षेत्र बनवाने की है। इसके लिए सरकार जीएसटी घटा, या कम करे। जीन्द में औद्योगिक क्षेत्र बनवाया जाए जिससे यहां के नौजवानों को रोजगार मिल सके। हमारा दूसरा मुख्य बिंदू यह है कि गोहाना रोड और सफीदों रोड और रानी तालाब, अर्जुन स्टेडियम तथा पुराना बस आदि को मिला कर एक पर्यटन क्षेत्र बनाया जाए जिससे यहां के नौजवानों को रोजगार मिलेगा और सरकार को टैक्स मिलेगा। तीसरा बिंदू यहां हांसी रोड पर स्थित बीड में एक विधिवत तरीके से जू बनाया जाए। हमारा चौथा बिंदू शहर में सडकों और गलियों का सेम लेवल रख कर के पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। हमारा पांचवा बिंदू महिला सशक्तिकरण के लिए एमएलए और एमपी के चुनाव में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण मिले। छठा बिंदु जिला जीन्द को एन सी आर से बाहर किया जाए।



जींद। जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पौली में योग के प्रति निकाली जागरूकता रैली

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के पौली गांव में योग के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। योग सहायक शर्मिला ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। योग करने से शरीर स्वस्थ बनता है और काफी बीमारियां कट जाती हैं। योग का हमारे सनातन धर्म में विशेष महत्व है। आदि काल से ही हमारे पूर्वज योग करते आ रहे हैं। योग करने से शरीर हमारे पूर्वज निरोग जीवन जीते रहे हैं। जागरूकता रैली में काफी ग्रामीणों ने भाग लिया। योग सहायक शर्मिला ने कहा कि योग ही स्वस्थ और सुखी जीवन का आधार है। शारीरिक और और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बेहद जरूरी है। योग से अनेक असाध्य बीमारियों का ईलाज संभव है। 21 जून को विश्व योग दिवस कार्यक्रम में सभी को बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

---

**अमृत मित्र को 15 पेयजल सैंपल, लिकेज व अस्वच्छ कनेक्शन वेरिफाई का मिला टारगेट**

# हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए विभाग कृतसंकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत करते रणधीर माताना।

सहायक संगठन जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि शहर में प्रत्येक घर तक स्वच्छ व गुणवता युक्त पेयजल पहुचाने के लिए विभाग कृतसंकल्प है। जिसके तहत अमृत 2.0 योजना में जींद व नरवाना शहर में स्वयं सहायता समूह की अमृत मित्र द्वारा 15-15 पेयजल सैंपल, लिकेज व अस्वच्छ कनैक्शन वेरिफाई का कार्य किया जा रहा है। यह बात जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना सवयं सहायता समूह द्वारा किये जा रहे कायारे् का निरीक्षण करने के दौरान उपभोक्ताओं सें बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर अमृत मित्र द्वारा पेयजल सैंपल एकत्रित करने, उनका रिकोर्ड आनलाइन करने, लीकेज व अस्वच्छ कनैक्शन वेरिफाई करने व उन्हें शिकायत निवारण की साइट पर अपलोड करने का वीडियो भी बनाया गया व उपभोक्ताओं को दिखाया गया। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि प्रदेश सरकार व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहरों में गुणवत्तायुक्त पेयजल पहुंचाने के लिए अमृत 2.0 योजना के तहत करीब दो महीने पूर्व जींद व नरवाना शहर में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों में से अमृत मित्र लगाए गए हैं।

इन अमृत मित्रों को प्रत्येक शहर से प्रतिदिन 15-15 पेयजल के सैंपल एकत्रित करके पेयजल जांच के लिए विभाग की लैब में जमा करवाने होते हैं। इसके अतिरिक्त स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए लीकेज व अस्वच्छ कनैक्शन की खोजबीन करके विभाग की शिकायत निवारण साइट पर अपलोड किए जाते है ताकि कनिष्ठ अभियंता द्वारा लीकेज को ठीक करवाया जा सके। इस कार्य के कारण जहां पेयजल संरक्षण व गुणवता युक्त पेयजल आपूर्ति के कार्य को बढावा मिला है। वहीं उपभोक्ताओं का विश्वास भी दिन-प्रतिदिन विभाग के प्रति बढता जा रहा है। इस मौके पर खंड समन्वयक कुशल शर्मा ने पेयजल उपभेक्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि अपनी जरूरत के मुताबिक ही पेयजल का उपयोग करें। इसके बाद नल को बंद कर दें।




जुलाना। बैठक में भाग लेते हमारा परिवार के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### डा. सुरेंद्र के कार्यालय पर हमारा परिवार ईकाई की बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में भाजपा नेता डा सुरेंद्र लाठर के कार्यालय पर हमारा परिवार जुलाना इकाई की संयुक्त बैठक (मातृशक्ति और पुरुष इकाई) का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन मातृशक्ति जींद मंच प्रमुख अंतिमा भारद्वाज ने किया। अंतिमा भारद्वाज ने कहा कि हमारा परिवार के उद्देश्य आज हर भारतीय को स्वदेशी वस्तुओं का 'यादा से 'यादा प्रयोग करना चाहिए। अगर विकल्प उपलब्ध ना हों तभी विदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से हमारा पैसा हमारे देश से बाहर नहीं जाएगा जिससे हमारे देश की खुशहाली में बढ़ोतरी होगी। डॉ सुरेन्द्र सिंह ने देशभक्ति को सवार्ेपरि बताते हुए कहा कि मातृभूमि के सामने स्वर्ग का भी कोई महत्व नहीं है। हमें सबसे पहले अपने देश के बारे में सोचना होगा। लाठर ने कहा कि हमें अपने मौलिक अधिकारों को मांगने से पहले अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करना होगा।

**खबर संक्षेप**

### निर्जला एकादशी पर ठंडे पानी की छबील लगाई

**कैथल** । स्थानीय कोठी गेट स्थित सनातन धर्म सभा के द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर ठंडे पानी की छबील लगायी गई और प्रसाद रूप में आलू वितरित किए गए।छबील का शुभारंभ सभा के प्रधान रविभूषण गर्ग के द्वारा किया गया।इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि निर्जला एकादशी का विशेष महत्व हैं।

### मारपीट और धमकी देने का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल**। मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में गांव भूना निवासी अभिषेक ने सीवन थाना में शिकायत दी कि 16 जून को सुबह आठ बजे आरोपी नथल, मोनू, साहिल, राजिंद्र व चेतन ने उसे डंडे, लाठी व पंच से हमला कर घायल कर दिया।

### ठंडे- मीठे शरबत का प्रसाद वितरित किया

**कैथल** । भारत विकास परिषद् कैथल शाखा द्वारा एकादशी के अवसर पर पटवार भवन पर छबील लगाई गई। भाविप सचिव डॉ अभिषेक गोयल ने बताया कि आज एकादशी के मौके पर आलू चाट, जलजीरा और ठन्डे- मीठे शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर अग्रवाल युवा सभा के प्रधान भूपेश अग्रवाल पहुंचे। कहा कि भाविप हमेशा सेवा के कार्य करने में तत्पर रहती है।

समाधान शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं

# लोगों की शिकायतों का तय समय में हो निपटान: एडीसी

- समाधान शिविर में आई 140 समस्याएं, 43 का किया मौके पर समाधान, अन्य समस्याओं को लेकर दिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल**। एडीसी सी जया श्रद्धा शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। समाधान शिविर को लेकर आमजन में काफी रुझान है। मंगलवार को आयोजित शिविर में एसपी उपासना तथा एडीसी सी. जया श्रद्घा ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान में 140 समस्याएं आई, जिनमें से 43 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

अन्य मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द निपटान के निर्देश दिए। एडीसी सी. जया श्रद्घा ने शिविर के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का तय समय अवधि में निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि लघु सचिवालय में समाधान शिविर को लेकर बेहतर व्यवस्था की गई है। शिकायतकताअरं को पहले नंबर लगाकर पर्ची दी जाती है व फिर सभागार कक्ष में डीसी, एडीसी, एसपी तथा अन्य अधिकारियों द्वारा शिकायत पर विस्तारपूर्वक सुनवाई की जाती है। इसके बाद शिकायत को संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ उक्त शिकायत के निवारण के संबंध में चर्चा की जाती है और उस समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाते हैं। एडीसी ने बताया कि जिन समस्याओं का मौके पर ही समाधान संभव होता है उनका वहीं समाधान करवाया जाता है। परिवार पहचान पत्र व पेंशन आदि की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाता है। इसके अलावा जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव नहीं होता ऐसे मामलों में विभागाध्यक्षों को निर्धारित समय में समाधान करने के निर्देश दिए जाते हैं।

#### वार्ड-गांव में लगाए जा रहे विशेष शिविर

एडीसी सी. जया श्रद्घा ने कहा कि जिला में शहरी क्षेत्र के हर एक वार्ड और प्रत्येक गांव में परिवार पहचान पत्र पत्रों की त्रुटियों को ठीक करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन 14 जून से शुरू किया गया है। ये शिविर 22 जून तक लगेंगे। नागरिक इन शिविरों में पहुंचकर अपने परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दुरुस्त करवाएं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों को लेकर सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नागरिकों को किसी प्रकार की समस्याएं नहीं होने दी जाएगी।

# आज होगी पायलेट रिहर्सल : एसडीएम

- 21 को पुरानी अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा खंड स्तरीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**गुहला चीका**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जानकारी देते एसडीएम कृष्ण कुमार।

एसडीएम ने कृष्ण कुमार ने कहा कि 21 जून को पुरानी अनाज मंडी चीका में खंड स्तर पर हर साल की तरह इस बार भी अंताराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह 5:30 बजे योग दिवस समारोह का शुभारंभ होगा। इस कार्य को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारी अपने कर्मचारियों सहित कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। तथा सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए इस आयोजन को सफल बनाएं।

उपमंडल स्तर पर अंताराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम कृष्ण कुमार ने मंगलवार को उपमंडल परिसर स्थित अपने कार्यालय में बैठक ली और अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग, आयुष विभाग और खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरा करें।

### फतेहपुर में तीन दिवसीय योग शिविर आज से

**पूंडरी**। भारत विकास परिषद शाखा पूंडरी की तरफ से तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफलता के लिए शाखा सदस्यों की बैठक निधि मोहन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें निधि मोहन ने बताया कि योग शिविर 19 से 21 जून तक सुबह 6 से 7 बजे तक फतेहपुर में माता मनसा देवी मंदिर पार्क में लगाया जाएगा। जिसमें योगा शिक्षिका बबीता आहलूवालिया द्वारा योग व प्राणायाम के गुर सिखाए जाएंगे। निधि मोहन ने कहा कि योग आसन शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का संतुलन बनाता है। योग तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायक है।

# युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या रोजगार की : ढुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



ग्रामीणों के साथ बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेता सज्जन सिंह ढुल।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी सज्जन सिंह ढुल ने कहा कि प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी को कम करने के मामले में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार विफल साबित हुई है। उन्होंने बताया कि 22 जून को कैथल के अमृत पैलेस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा कार्यकर्त्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। इस मौके पर उनके साथ पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद जयप्रकाश, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है, जिसका हल करने के लिए सरकार ने जिम्मेदारी से काम नही किया। उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी अपने शिखर पर है, एक तरफ भाजपा सरकार नए भारत के निर्माण का दावा करती है।

# भाविप ने जल जीरा-ठंडे पानी की छबील लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर पूंडरी के द्वारा निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में एकता ज्वैलर्स दुकान पूंडरी पर ठंडे जीरा पानी की छबील लगाई गई। कार्यक्त्रम के संयोजक सभी शाखा सदस्यों ने मिलकर कार्यक्त्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। भारत विकास परिषद पूंडरी शाखा का उद्देश्य इस प्रकार के कार्यक्त्रमों के माध्यम से समाज में सेवा और सद्भावना को बढ़ावा देना है और भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सेवा कार्य करते रहना है। शाखा अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने कहा कि निर्जला एकादशी पर जल दान करना सबसे पवित्र कमार्ऱ् में से एक माना जाता है। पड़ रही भीषण गर्मी के कारण यह जरूरी है कि आप निर्जला एकादशी पर जल और शरबत का दान करें। कार्यक्त्रम में शाखा संरक्षक विनोद बंसल, सचिव विकास कुमार, महिला संयोजिका निधि मोहन, संगठन सचिव डॉ. राजेश कुकरेजा, डॉ. मनीषा मंगल, डॉ देवेन्द्र सैनी,डॉ. मनोज मंगल आदि मौजूद रहे।

# पतंजलि योगपीठ फ्री प्रशिक्षण दे रही : शोकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**गुहला चीका**। ताऊ देवीलाल पार्क चीका में योग शिविर में भाग लेते योग साधक।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के बैनर तले ताऊ देवीलाल पार्क चीका में दसवें विश्व योग दिवस के उपलक्ष में योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन का आयोजन किया गया। शिविर के चौथे दिवस पर गांवों व नगर के मोहल्लों से आए साधकों व अभ्यार्थियों ने प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे पूर्व प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ योग शिक्षक युवा तहसील प्रभारी महावीर प्रजापत व योग से नवजीवन प्राप्त कर चुके कृष्ण गोपाल गौशाला के पूर्व प्रधान सुशील ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्रोचारण व शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास पतंजलि जिलाप्रभारी एवं आचार्य हरिओम शोकल ने करवाया। उन्होंने योगिंग जोगिंग के 12 अभ्यास, सूर्य नमस्कार के 12 व 8 दंड बैठकों का प्रशिक्षण दिया। आचार्य हरिओम ने भस्तृिका, कपालभाति, बाह्य, अनुलोम-विलोम, उज्जायी, भ्रामरी, उद्गीत व प्रणव आदि प्रणायामों का अभ्यास सूक्षमता से करवाया। मधुमेह पाचन तंत्र व कमर दर्द संबधित विभिन्न आसनों का प्रशिक्षण योग शिक्षक ईश्वर चंद सिंगला द्वारा दिया गया। भारत स्वाभिमान तहसील प्रभारी जयभगवान के द्वारा साधकों को योग एवं प्रशिक्षण शिविर के महत्व से अवगत करवाया गया। कहा कि 15 दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के पश्चात साधकों को अपने-अपने गांवों में 3 माह निशुल्क नियमित योग कक्षा संचालित करनी है। उसके बाद पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में 7 दिवसीय शिविर का लाभ लेना होगा। यहां सफल होने पर अभ्यार्थी को प्रमाण-पत्र मिलेगा। वरिष्ठ योग शिक्षक इंद्रमोहन मित्तल व पंडित विद्यासागर शास्त्री ने साधकों को योग व इसका इतिहास, भविष्य, रोगों पर प्रभाव व परिणाम आदि की जानकारी दी।

### कालेजों में पंजीकरण ने पकड़ी गति 25 तक किए जा सकेंगे आवेदन

**कैथल**। आरकेएसडी कॉलेज में नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण अब तेजी से बढ़ने लगा है। हरियाणा उच्चतर शिक्षा प्रवेश वेबसाइट पर अब बिना किसी बड़ी तकनीकी दिक्कत के पोर्टल पूरी तरह कार्यात्मक है। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 है। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि कॉलेज स्टाफ रूम में स्थापित सहायता और पंजीकरण डेस्क छात्रों को उनके विषय विकल्पों के उचित चयन में सहायता कर रहे हैं। जिन अभिभावकों के बच्चों के गैप ईयर हैं, उनकी ओर से काफी पूछताछ आ रही है और इसके लिए उन्हें अपने शहर के लघु सचिवालय में गैप ईयर प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने की सलाह दी जाती है। पंजीकरण के लिए छात्रों से कई अन्य दस्तावेज मांगे जाते हैं। अब तक आरकेएसडी कॉलेज पोर्टल पर कुल 2600 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। हेल्प डेस्क पर डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. अशोक अत्री, डॉ. एसपी वर्मा, डॉ. अंकित, प्रो. शशि मत्ता और प्रो. हिमानी विद्यार्थियों की सहायता कर रहे हैं।

# वार्ड 8 के बंद नाले खोले, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद**। वार्ड नंबर 8 दुर्गा मंदिर वाली गली में जेसीबी लगाकर नाले साफ करवाते।

राजौंद के वार्ड नंबर 8 में पानी निकासी बंद होने पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर नाले खुलवा कर पानी निकासी शुरू की गई। जिससे वार्ड के लोगों ने राहत महसूस की है। बता दें कि यहां पिछले कई दिनों से पेगा मार्ग पर बन रहे जल घर से मिट्टी के डंपर भरकर यहां से गुजरते हैं। ओवरलोड इन डंपरों के कारण सरकारी अस्पताल की दीवार के साथ नाले तोड़ दिया गया है।

जिससे पीछे वार्ड नंबर 7 कि भी पानी निकासी बंद होने से एक जोहड़ी अवरफ्लो हो गई है और पानी लोगों के घरों में जा रहा था। जिससे लोग बार-बार प्रशासन को इसकी शिकायत कर रहे थे। इस पर नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और जेसीबी मशीन लगाकर सरकारी अस्पताल के साथ टूट चुके नाले को खुलवा कर पानी निकासी की शुरू कर दी है। एस आई प्रदीप कुमार ने बताया कि नगर पालिका सचिव के निर्देश पर यह कार्य किया गया है ताकि लोगों को भविष्य में किसी तरह की परेशानी न रहे जेसीबी मशीन लगाकर पानी की निकासी संचारु रूप से शुरू कर दी गई है।

# दूषित पानी की निकासी न होने से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड के गांव फरियाबाद में पानी की निकासी न होने के कारण लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। इस बारे ग्रामीण सुरेंद्र, नसीब, सतीश, सागर, दिनेश, सोमपाल, सुनील,बिट्टू, कृष्ण, काला राजू ने बताया कि गली में पानी की निकासी नहीं है जिससे हर समय गंदे पानी से गली भरी रहती है। गली नालियां पानी से लबालब भरी हुई है। सफाई नहीं हो रही लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है गर्मी के मौसम में बदबू उनके घरों तक पहुंच रही है वैसे ही गर्मी से लोग परेशान है। ऊपर से इस गंदे पानी की बदबू ने मोड़ लोगों को घरों में दूबकने को मजबूर कर दिया है। लोगों ने कई बार प्रशासन को भी अवगत करवाया है लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा ।

### 21 जून को अतिरिक्त अनाज मंडी में मनाया जाएगा 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : अतिरिक्त उपायुक्त

**कैथल**। एडीसी सी.जया श्रद्घा ने कहा कि 21 जून को जींद रोड स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी में जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इससे पहले 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अंतिम रिहर्सल करवाई जाएगी तथा मैराथन दौड़ का आयोजन भी होगा। उन्होंने बताया कि 21 जून को सुबह सात बजे योग दिवस समारोह का शुभारंभ होगा। इस कार्य तैयारियां पूर्ण हो चुकी है और संबंधित विभागों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। एडीसी सी.जया श्रद्घा ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में करीब 2100 स्कूली बच्चे भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता की दृष्टि से पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। जिला स्तर पर मुख्य आयोजन अतिरिक्त अनाज मंडी में होगा। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, योग प्रशिक्षु, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र के क्लबों से जुड़े लड़के एवं लड़कियां व जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा। इस आयोजन में आयुष, पुलिस, हरियाणा रोडवेज, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनस्वास्थ्य, बिजली आपूर्ति सहित सभी विभाग व सामाजिक संगठन अपना सहयोग देंगे। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 19 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक योग दिवस की अंतिम रिहर्सल करवाई जाएगी।

# कैथल में योग जागरण यात्रा का अंतिम चरण पूर्ण

- योग जागरण यात्रा के माध्यम से जनसाधारण को दिया नियमित योग करने का संदेश : डॉ. प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



योग जागरण यात्रा निकालते योग साधक ।

प्रदेश भर में पिछले कई दिनों से 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का चरण पूर्ण हो चुका है। जिला में 14 से 18 जून जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तरों पर योग जागरण यात्रा का आयोजन धूमधाम से किया। जिसमें आयुष विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आयुष योग सहायकों सहित पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, भारतीय योग संस्थान एवं आर्ट ऑफ लिविंग सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर योग प्रशिक्षण एवं योग जागरण यात्रा के माध्यम से योग का संदेश घर घर पहुंचाने का कार्य किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने बताया महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी अमर राविश एवं सूबे सिंह का योग जागरण यात्रा में अहम योगदान रहा। योग जागरण यात्रा के अंतिम चरण में 18 जून यानि मंगलवार को जाट कॉलेज से योग यात्रा प्रारंभ होकर सेक्टर 18 एवं सेक्टर 19 के जनसाधारण को नियमित योग करने का संदेश देते ढांड रोड से होते हुए पेहवा चौंक पर समाप्त हुई। यात्रा में योग दिवस 2024 की थीम योग-स्वयं और समाज के लिए को तख्तियों पर लिखकर एवं बैनर लेकर सैकड़ों प्रतिभागियों ने योग जागरण यात्रा में भाग लिया। बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा । योग दिवस का 19 एवं 21 जून को कार्यक्रम स्थल जिला स्तर पर अतिरिक्त अनाज मंडी, जींद रोड कैथल में रहेगा।

#### ब्लॉक स्तर पर मनाया जाएगा योग दिवस

ब्लॉक स्तर का कार्यक्रम स्थल कलायत में नई अनाज मंडी, ढांड में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पुंडरी में अनाज मंडी पुंडरी,राजौंद में नई अनाज मंडी राजौंद, सीवन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन एवं गुहला ब्लॉक में पुरानी अनाज मंडी गुहला सुनिश्चित किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कैथल वासियों से आहवान किया है। अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस में भाग लेकर योग के माध्यम से अपने स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाने का संकल्प ले।



किसान सम्मान निधि योजना की शर्तों को लेकर रोष जताते किसान।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शर्तें बनी किसानो की परेशानी का सबब: विक्रम

**ढांड**। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की युवा इकाई हल्का पुंडरी की बैठक युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल व युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि 2019 के बाद जमीन का मालिकाना हक लेने वाले करीब 10 हजार किसानो को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना से वंचित रहना पड रहा है।इस योजना मे शामिल होने के लिए किसान पिछले 6 साल से इंतजार कर रहे है। योजना की शर्त का अड़ंगा अब किसानों के लिए मायूसी का कारण बना हुआ है। कई बार योजना में शामिल करवाने की किसान प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं,लेकिन कोई सुन नहीं रहा है संबंध किसान बार-बार अटल सेवा केंद्र व कृषि अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट काट कर थक चुके हैं। कैथल जिले मे करीब 4524 किसान अटल सेवा केंद्र से योजना मे शामिल होने के लिए विभाग की साइट पर आवेदन कर चुके है,लेकिन विभाग की गाइडलाइन मे न होने के कारण आवेदन विभाग की तरफ से रद्द किए जा रहे है।

**सूचना**

मैं, लाली देवी पत्नी श्री ईश्वर दास निवासी विश्वकर्मा कालौनी, आरा रोड जीन्द तह. व जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरी पौत्री कौशल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, Vishal Singla S/o Suresh Kumar R/o H.No. 1463 Block A Urban Estate Jind Tehsil and Distt. Jind बयान करता हूं कि मेरे डाक्युमेंट में मेरा नाम विशाल लिखा है मगर अब मैंने मेरे नाम के साथ सरनैम लगा लिया है। अब मैंने अपना नाम विशाल सिंगला रख लिया है। भविष्य में मुझे विशाल सिंगला के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र पुत्र हमीर सिंह निवासी गांव खरैन्टी तहसील जुलाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरी पुत्री आशा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार जीन्द**

राजकुमार जिन्दल पुत्र स्व. श्री सुरजभान निवासी शर्मा नगर, बैंक रोड, जीन्द तह. व जिला जीन्द।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. श्रीमान सुरजभान पुत्र स्व श्री नान्दू मल एक किता दस्तावेज जिसमें बरूवे वसीका बयनामा नं. 387 दिनांकः 14/03/1959 तसदीक शुदा सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द अनुसार के रकबा को विक्रय/स्थानानतरण/वसीयत पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यलय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व. श्री सुरजभान पुत्र श्री नान्दु मल का देहांत काफी समय पहले वर्ष 1981 में हो चुका है तथा मेरी माता स्व. श्रीमति धनपति का देहांत दिनांकः 21/05/2019 को हो गया था तथा मेरी बहन स्व श्रीमति कैलाश देवी का देहांत दिनांकः 23/12/2015 को हो चुका है। जो कि मुझ प्रार्थी के माता-पिता व बहन के देहांत के बाद कुल 9 जायज वारसान हैं। जो कि इस प्रकार से हैः-

1. राजेन्द्र कुमार 2. सुरेश कुमार 3. राजकुमार जिंदल पुत्रान स्व. श्री सुरजभान पुत्र स्व. श्री नान्दू मल 4. दर्शना देवी 5. शिला देवी पुत्रीयान स्व. श्री सुरजभान पुत्र स्व. श्री नान्दू मल 6. राजीव 7. संजय मित्तल 8. सुमन 9. शालु जैन पुत्री स्व. श्रीमति कैलाश देवी पुत्री स्व. श्री सुरजभान पुत्र स्व. श्री नान्दू मल है।

इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो व स्वयं अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनो के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 18/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, जीन्द।

## खबर संक्षेप



राजौंद। ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाते हुए दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

### दुकानदारों ने छबील लगाकर पानी पिलाया

**राजौंद।** राजौंद में महाराणा प्रताप चौक के पास दुकानदारों द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई गई। दुकानदारों ने मिलकर मीठा शीतल जल लोगों को पिलाकर उनका कंठ ठंडा किया गया। दुकानदारों ने कहा कि ज्येष्ठ माह में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने से पुण्य मिलता है। इसलिए सभी को ऐसे धर्म के काम में बढ़.चढ़कर भाग लेना चाहिए।

### सर्व मंगल कामना ट्रस्ट ने लगाई छबील

**पाई।** सर्व मंगल कामना ट्रस्ट पाई के द्वारा मंगलवार को पाई में ठंडे जल की छबील लगाई। ट्रस्ट के सदस्य महावीर ढुल, सतबीर ढुल ने बताया की यह छबील जेठ माह के शुल्क पक्ष की एकादशी के उपलक्ष्य में लगाई गई। उन्होंने बताया कि इस दिन ठंडे जल को पिलाने का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि कई लोग इस दिन निर्जला व्रत रखते है। लोग पुण्य पाने के लिये दान आदि करते है।


### पैक्स चुनाव का बजा बिगुल 9 जुलाई को होगा चुनाव

**सीवन।** दी सीवन बहुउद्देशीय प्राथमिक एग्रीकल्चर को-आपरेटिव सोसायटी सीवन के चुनाव का बिगुल बज चुका है। 9 जुलाई को चुनाव होना है और इसके लिए वोटर लिस्ट फाइनल हो गई है। दी सीवन पैकस प्रबंधक रमेश कुमार ने बताया कि सीवन पैकस का चुनाव 9 जुलाई को होना तय हुआ है। नामांकन 25 जून को होगा और नामांकन वापिस लेने की तारीख 27 जून होगी। सीवन पैकस के अन्तर्गत सीवन, सौथा, हरनौला, खेड़ी गुलाम अली, नागल, गोघ, गोहरां, प्रभावत, फिरोजपुर, मलिकपुर, रसूलपुर व मांडी सदरां सहित 15 गांव आते हैं। चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है।

## दिन में पारा पहुंचा 46.4 डिग्री, रात का तापमान 34 डिग्री

# हीट वेव से झुलसे लोग आज से राहत के आसार

### शहर में दिनभर चलती रही गर्म हवाएं, घरों में कैद हुए लोग



- दो दिन कुछ राहत मिलने के बने आसार, बूंदाबांदी की संभावना
- रात का तापमान भी जा रहा औसत कहीं अधिक, बेहाल हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

पिछले दो माह से भीष्ण गर्मी से बेहाल लोगों को हीट वेव तथा भीष्ण गर्मी से अगले दो दिन मे राहत मिलने सभावना है। प्री मानसून की गतिविधियों के चलते मंगलवार शाम मौसम के करवट ली।

आकाश में धूल भी जमा दिखाई दी। जिसके चलते 19 तथा 20 जून को आकाश मे बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी की सभावना बन रही है। तेज हवा के साथ धूल उड़ने की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया। मौसम आर्दता 26 प्रतिशत तथा हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क बना रहेगा। मंगलवार रात को मौसम परिवर्तनशील हो जाएगा।

### 14 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली पछुआ गर्म हवा

जेठ माह खूब तप रहा है। भीष्ण गर्मी तथा हीटवेव ने लोगो को बेहाल किया हुआ है। न्यूनतम तापमान भी औसत से काफी 'यादा जा रहा है। जिसका सीधा असर जन जीवन तथा काम धंधो पर साफ पड रहा है। मगलवार को दिन का आगाज आग उगलते सुर्य के साथ हुआ। दिन चढने के साथ हवा गति तेज हो गई ओर हीट वेव मे बदल गई। तापमान भी 46 डिग्री को पार गया। दिन भर लोगो को लू के थेपेडो ने बेहाल रखा। भीष्ण गर्मी ने लोगो को घरो मे दुबकने को मजबूर कर दिया। दोपहर को सडके तथा बाजार सूनसान नजर आए। दिन ढलने के बाद ही कुछ चहल पहल देखने को मिली

### 19 तथा 20 जून को देखने को मिलेगी प्री मानसून की गतिविधिया

मौसम विभाग के अनुसार 19 तथा 20 जून को प्री मानसून की गतिविधिया देखने को मिलेगी। जिससे गर्मी से राहत के कुछ आसार बन रहे है। दो दिन आकाश मे बादलवाई बनी रहेगी। साथ मे बूदाबादी की सभावना भी बन रही है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घटा की स्पीड से धूल भरी हवा चलने की भी सभावना है। दिन के तापमान मे थोडी गिरावट आएगी। जबकि रात के तापमान मे हल्की बढौतरी होगी।

### ऐसा रहेगा मौसम

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि दो दिन मौसम परिवर्तनशील रहेगा। प्री मानसून की गतिविधियां दिखाई देगी। बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। धूलभरी हवा भी चल सकती है। किसान अपने खेतों को तैयार कर लें। शाम को फसलों में पानी अवश्य दें।

## गर्मी का सितम जारी रहने से जनजीवन हो रहा है प्रभावित

**उचाना।** भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गर्मी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दोपहर में 'यादातर सड़कों पर सन्नाटा दिखता है। भीषण गर्मी के चलते लोगों का हाल बेहाल हो गया है। पिछले एक पखवाड़े से आसमान में तेज धूप व भीषण गर्मी के रूप में आग बरस रही है। दोपहर के समय तो हवा के चलने से लोगों को परेशानी हो रही है। भीषण गर्मी के कारण शहर के प्रमुख बाजार भी सुनसान नजर आ रहे है। भीषण गर्मी के कारण इलेक्ट्रिक पर लोड बढ़ा है। गर्मियों के अवकाश में महिलाओं को भीषण गर्मी में छोटे.छोटे बच्चों के साथ सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर के समय बाजारों में इक्का-दुक्का वाहन नजर आते है। गर्मी के चलते लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर सफर करते नजर आ रहे है। प्रचंड गर्मी के साथ-साथ पशु भी बेहाल है। दूध देने वाले पशुओं के दूध देने की क्षमता कम हो गई है। सुबह आसमान में लाली दिखने के सज्ञथ ही मौसम संकेत देने लगता था कि सूर्यदेवता के तेवर आज सभी पर भारी पड़ेंगे। दिन चढ़ते ही धूप इतनी कड़ी हो गई कि बदल झुलस गया। मौसम विभाग के अनुसार 18 जून के बाद आसमान में आंशिक बादल व बूंदाबांदी हो सकती है।



उचाना। दोहपर को सुनसान नजर आ रहा शहर का प्रमुख डाकघर रोड।

## ज्वाइनिंग को भटक रहे सहायक लाइनमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

पिछले दिनों हुई सहायक लाइनमैन की भर्ती में चयनित हुए लगभग 300-400 युवा जॉइनिंग के लिए दर दर भटक रहे हैं।ये या तो वे युवा हैं जो पहले किसी विभाग में नौकरी कर रहे थे तथा जिन्हें सहायक लाइनमैन के तौर पर जॉइनिंग के लिए अपने विभाग को सूचित करते हुए एन ओ सी लेना था तथा पहले अपना त्यागपत्र देना अनिवार्य था, या वे युवा हैं जिनमे उनके किसी डाक्यूमेंट्स में कुछ मामूली सी न्यूनता को पूरा करवा कर जमा करवाना था।

कुछ डी इ एस एम कैटेगरी के युवा भी हैं जिनका डी इ एस एम सर्टिफिकेट हर एक साल बाद रिन्यू होता है।ऐसे में भर्ती के विज्ञापन के समय लगाया गया डी इ एस एम सर्टिफिकेट अमान्य करते हुए फ्रेश एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट बनवाने को कहा गया।इन सभी को 3 महीने का जॉइनिंग का वैध समय विस्तार दिया गया।इसी दौरान माननीय पंजाब एन्ड हरियाणा न्यायालय का 10 अंकों का सामाजिक आर्थिक मापदण्ड के सम्बन्ध में फैसला आ गया,जिसके तहत सभी भर्तियों को दोबारा परीक्षा लेकर चयनित करने को कहा गया।साथ ही ये भी कहा गया कि जो युवक सहायक लाइनमैन लगे हुए हैं उन्हें ना हटाया जाए जब तक नई भर्ती ना हो जाए तथा तब तक इनसे नियमित काम लिया जाए एवं वेतन दिया जाए। इसमें समय विस्तार पाए अभ्यर्थियों को जॉइनिंग ना करने संबंधी कोई आदेश या टिप्पणी माननीय अदालत ने नहीं करी।

किन्तु जब ये सभी युवा अपने निर्धारित समय पर 'वाइन करने पहुंचे तो कभी इन्हें फाइल एजी ऑफिस में होने,कभी एच एस एस सी के तरफ से आदेश ना आने जैसे कई बहाने बनाए गए एवं अन्ततोगत्वा इन्हें जॉइनिंग देने से आनाकानी की जा रही है। साथ ही कोई अधिकारी इस सम्बन्ध में ना तो लिखित में कोई आधिकारिक पत्र होने के सम्बन्ध में बता पा रहे हैं और ना ही खुद लिखित में इन युवाओं को ही कोई सबूत दे रहे हैं ताकि जिसे लेकर वो कहीं आगे फरियाद कर सकें।यहाँ ये बात गौर तलब है कि ये युवा अपनी पिछली नौकरी से त्यागपत्र देकर आए हैं।

### यह बोले चयनित

इस सम्बन्ध में जींद निवासी मंदीप सुपुत्र राजमल ने बताया कि वह स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखित में जॉइनिंग ना करवाने सम्बन्धी शिकायत भी देकर आया है,साथ ही साथ इस पत्र की कॉपी एच एस एस सी चेयरमैन और एच वी पी एन एल ऑफिस में भी देकर आया है।देखते हैं इस सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री और हरियाणा सरकार क्या फैसला लेते हैं।इन सभी युवाओं का सरकार से आग्रह है कि उन्हें जल्द से जल्द 'वाइन करवाया जाए तथा अन्य ए अल एम की भाँति नई भर्ती होने तक उन्हें भी सेवा में रखा जाए।

## 23 को पंचायत मंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अपनी मांगों को लेकर आगामी 23 जून को पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा के आवास पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का आक्त्रोश प्रदर्शन होने जा रहा है। इस आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर आज ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के नेताओं ने गांव-गांव जाकर पानीपत में होने वाले प्रदर्शन को लेकर सफाई कर्मचारियों में जन संपर्क अभियान चलाया। सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार व नरवाना ब्लॉक प्रधान यशपाल हथो ने बताया कि पिछले साल ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की अपनी मांग व मुद्दों को लेकर लगातार 53 दिन हड़ताल चली और 28-29 नवंबर को पंचकूला में दो दिवसीय महापड़ाव डाला गया था। इस महापड़ाव के कारण 29 नवंबर को पंचायत विभाग के आला अधिकारियों व यूनियन के बीच कई मांगों पर सहमति बनी थी। जिसमे मुख्य मांग ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिलवाने थी। इसके इलावा ग्रामीण कर्मचारियों के मानदेय में वार्षिक बढ़ोत्तरी करने, सफाई कर्मचारियों की नई भर्तियां करने, मानदेय 14 हजार से 17 हजार करना शामिल है।

## सीईओ नहीं आई मांगपत्र लेने, श्रमिकों ने फूंका पुतला

- मनरेगा मजदूरों व मेट ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नेहरू पार्क में मंगलवार को जिले के मनरेगा मजदूरों व मेट अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरों ने प्रदेश सरकार व सीईओ जिला परिषद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जब अढाई से तीन घंटों तक सीईओ मांग पत्र लेने नहीं आई तो मजदूरों ने डीआरडीए के बाहर रोड पर सीईओ का पुतला दहन किया। जनसभा की अध्यक्षता मनरेगा श्रमिक यूनियन के जिला संयोजक अशोक रूपगढ़ व संचालन राजेश कुमार ने किया। जनसभा को संबोधित करते हुए रमेशचंद्र, जिला सचिव कपूर सिंह, सूरजभान खरेंटी ने बताया कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारों द्वारा मनरेगा पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। मनरेगा के बजट में हर साल लगातार कटौती की जा रही है। इसके इलावा प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी दी जा रही है। मनरेगा के मजदूरों को पिछले तीन-चार साल से पांच किलोमीटर दूर काम पर जाने पर भी किराया नहीं दिया जा रहा। दुर्घटना में चोट लगने पर कोई इलाज का प्रबंध नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि मनरेगा मजदूरों की जिओ टैग व ऑनलाइन हाजिरी पर रोक लगाई जाए। मजदूरों को गांव से दूर काम करने पर मनरेगा के तहत किराया दिया जाए। मनरेगा मजदूरों को दुर्घटना होने पर फ्री इलाज का प्रबंध किया जाए और मृत्यु उपरांत परिवार को 10 लाख मुआवजा दिया जाए।




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मजदूर। फोटो: हरिभूमि

### सामान उपलब्ध करवाने की मांग

मजदूरों को काम के औजार जैसे कस्सी, तसला, सेफ्टी किट इत्यादि उपलब्ध करवाई जाए। सभी गांव में मनरेगा के काम सुचारू रूप से शुरू करवाया जाए। सभी मजदूरों को काम दिया जाए और नए जॉब कार्ड बनाए जाए। मेटों व मजदूरों की बकाया मजदूरी का तुरन्त भुगतान किया जाए। मेटों को कुशल वर्कर का दर्जा दिया जाए और स्मार्ट फोन व रिचार्ज आदि का प्रबंध किया जाए तथा मनरेगा संबंधित कार्य के लिए जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय पर आने.जाने का किराया आदि दिया जाए। मनरेगा में 200 दिन काम 700 रुपये मजदूरी दी जाए। जरूरतमंद सभी गरीब परिवारों एवं मनरेगा मजदूरों के बीपीएल कार्ड बनवा कर 35 किलो अनाज सहित जरूरत की सभी वस्तुओं को राशन डिपो के माध्यम से निशुल्क उपलब्ध करवाया जाए। परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता को खत्म किया जाए। मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी बंद की जाए। कल्याणकारी सुविधाओं के आवेदनों को ऑफलाइन किया जाए और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। सभी जरूरतमंद परिवारों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट देकर मकान निर्माण करवाया जाए एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पास हुए मकानों की राशि जारी की जाए।

## ओल्ड कोर्ट रोड पर बरसाती पानी की हो निकासी : परोचा





नरवाना। ओल्ड कोर्ट रोड पर जलभराव बारे एसडीएम अनिल दून के पास पहुंचे अंकुश परोचा व दुकानदार तथा ओल्ड कोर्ट रोड पर जलभराव बारे एसडीएम अनिल दून को अवगत करवा ज्ञापन देते अंकुश परोचा। फोटो: हरिभूमि

**नरवाना।** अंकुश परोचा ने ओल्ड कोर्ट रोड पर स्थित दुकानदारों के शिष्टमंडल के साथ एसडीएम अनिल दून से मुलाकात करके बारिश होने पर दुकानों में जलभराव की भारी समस्या से अवगत करवाकर लिखित ज्ञापन दिया और प्रशासन से आने वाले बरसात के मौसम के दृष्टिगत पानी की निकासी का उचित प्रबंध करवाने की अपील की। परोचा ने बताया कि ओल्ड कोर्ट रोड पर बारिश होने पर दुकानों में दो-दो तीन-तीन फुट पानी भर जाता है और बिजली कट कर दी जाती है जिससे कारोबार अस्त व्यस्त हो जाता है औऱ हर साल जल भराव से दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पडता है। आगे परोचा ने बताया कि रोड साइड में बने सार्वजनिक शौचालयों की दयनीय स्थिति के बारे में भी अवगत करवाया। मौके पर ही एसडीएम ने संबंधित स्टाफ को इस समस्या के तुरन्त समाधान के लिये निर्देश दिए। इस मौके पर सर्व राजकुमार, रमेश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## नशा बेचने वालों की सूचना बेखौफ होकर पुलिस को दें, तुरंत होगी कड़ी कार्रवाई


- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस की टीम ने नरवाना एरिया में लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव व बचाव बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

डीएसपी नरवाना अमित भाटिया ने बताया कि पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशों एंव ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, पंचकुला के निर्देशों की पालना में तथा एसपी जींद सुमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाडा अर्न्तगत नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला पुलिस की सभी थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरुक कर रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को नरवाना में पुलिस की टीम ने गांव दबलैन, डुमरखां, शहर नरवाना सहित विभिन्न स्थानों पर एवं घर घर जाकर आमजन, माता-पिता व उनके बच्चो से मिलकर नशे से बचनें हेतु जागरुक किया साथ ही उन्हें नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई तथा नशा तस्करो पर प्रहार करने के लिए पुलिस कि मदद करने के संबंध में प्रेरित किया। डीएसपी नरवाना अमित भाटिया ने आम जन को नशे से होने वाली हानि व खेल से होने वाले लाभ के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्हें बताया कि हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। नशा हमारे जीवन को धीरे-धीरे अंधकार की ओर ले जाता है।



नरवाना। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस की टीम नरवाना एरिया में लोगों को नशे जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि



जींद। सीवरेज की सफाई के बाद सड़क पर बिखरा कूड़ा। फोटो: हरिभूमि

### सीवरेज के बाद सड़क पर डाला कचरा

**उचाना।** पुलिस चौकी के पास से कन्या स्कूल की तरफ जाने वाले रास्ते में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवरेज की सफाई के बाद सड़क पर डाले गए कूड़ा.कर्कट से आने.जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज की सफाई के साथ ही कूड़ा.कर्कट को उठाने की मांग राहगीरोंए दुकानदारों ने की ताकि आने.जाने वालों को परेशानी का सामना न करना पड़ा। शीलू, अनिल, सुनील ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीवरेजों की सफाई की जा रही है। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीएम सुनीता नैन ने कहा कि वो पता करेंगी कि सीवरेज साफ के बाद कूड़ा.कर्कट डाला गया है वो क्यों नहीं साथ.साथ में उठाया गया। लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।



गुहला चीका। सर्व कर्मचारी संघ उपमंडल अधिकारी गुहला के खिलाफ गेट मीटिंग करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## समस्याओं का समाधान नहीं किया तो धरना दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

आज सातवें दिन भी बिजली निगम की ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने उपमंडल अधिकारी गुहला के खिलाफ गेट मीटिंग की। जिसमें सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक गुहला के प्रधान पवन शर्मा ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन यूनियन के राज्य सचिव अभिषेक शर्मा और केंद्रीय कमेटी परिषद के सदस्य बलजिंदर सीडा जी भी उपस्थित रहे।

आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता सचिन शर्मा और मंच का संचालन सचिव वीरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने अपना बयान जारी करते हुए कहा है कि उपमंडल अधिकारी गुहला के द्वारा टेक्निकल स्टाफ को दफ्तर के अंदर बिठाया हुआ है जबकि फील्ड और पॉवर हाउस में स्टाफ की बहुत कमी है। जो टेक्निकल कर्मचारी भर्ती किए जाते हैं वह टेक्निकल काम के लिए किए जाते हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा अपने चहेतों को उनकी पोस्ट के अनुसार ड्यूटी ना करवा कर उनसे दफ्तर का काम करवाया जाता है पोस्ट सब की एक ही है लेकिन काम सबसे अलग अलग लिया जाता है एक लाइनमैन तो फील्ड में गर्मी में 45 डिग्री तापमान मे खम्बों पर चढ़कर काम करता है और दूसरी तरफ एक लाइनमैन दफ्तर में पंखों और अउ के नीचे बैठकर आराम से अपनी ड्यूटी करता है लेकिन वेतन और बाकी सभी टेक्निकल सुविधाएं फील्ड के लाइनमैन के बराबर लेता है फील्ड में कर्मचारियों के लिए शनिवार और रविवार की भी छुट्टी नहीं होती लेकिन दफ्तर में बैठे टेक्निकल कर्मचारियों को शनिवार रविवार की छुट्टी होती है।

### लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे नेता

# भाजपा के सामने सीट बचाने तो कांग्रेस के सामने टिकटार्थियों की भीड़

- लोकसभा चुनाव में वोट बैंक बढ़ने से कांग्रेसी उत्साहित, भाजपा जीत का अंतर कम होने से चिंतित

सतेंद्र पंडित ⏭ जींद

हरियाणा विधानसभा के चुनाव अब सिर पर हैं। आने वाले दो महीने में इनकी घोषणा होना भी तय है। कहा जाता है कि जींद ही राजनीति की दिशा तथा दशा तय कर करती है। लोकसभा चुनाव में सोनीपत लोकसभा से कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी के निर्वाचित होने से जिले में कांग्रेस के हौंसलें बुलंद हैं। जींद विस सोनीपत लोक सभा का हिस्सा है। लोकसभा चुनाव में जीद विस से कांग्रेस को लगभग साढे.3100 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। जबकि वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 40 हजार से 'यादा की लीड यहां से मिली थी। कांग्रेस नेता इस बात से खुश हैं कि भाजपा का जीत का अंतर बहुत कम हो गया। मगर यह भूल रहे हैं कि इस बार लोकसभा में चुनाव दो पार्टियों में बंटा था। जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पसंद करने वालों तथा नापसंद करने वालों के बीच था। जिसका विकल्प कांग्रेस रहा था। मुकाबला भाजपा तथा कांग्रेस के बीच रहा। अन्य दलों की जमानत जब्त हुई। खास बात यह भी है कि भाजपा को ग्रामीण इलाके में उतना ही वोट मिला, जितना पहले था। जबकि शहर में तगड़ा झटका लगा है। जहां पर भाजपा की लीड 35 हजार से 'यादा की थी। वह अब 13 हजार तक आ गई है।

कांग्रेस को ग्रामीण आंचल में दस हजार से 'यादा की लीड इस बार मिली है। इस से अन्य पार्टियों का वोट भी कांग्रेस में कन्वर्ट हो गया। भाजपा भी वोटों के धुरवीकरण से चिंतित है। क्योंकि लोस चुनाव में काग्रेस का वोट प्रतिशत बढा है। यह भी साफ है कि लोक सभा चुनाव तथा विधानसभा चुनाव मे बहुत फर्क होता है। विधानसभा चुनाव अपने रसूकों तथा नजदीकी स्तर पर लड़ा जाता है।

### दो दर्जन नेता टिकट के दावेदार

जींद विधानसभा पर सबसे 'यादा मारा मारी कांग्रेस की टिकट के लिए है। जींद विधानसभा पर करीब दो दर्जन कांग्रेस टिकट के दावेदार हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट में टिकट के दावेदारों की संख्या सबसे 'यादा है। यहां पर महावीर गुप्ता, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महावीर कंप्यूटर, युवा नेता पवन गर्ग, जाट समुदाय से बलजीत सिंह रेढू, प्रमोद सहवाग, प्रदीप सिंह गिल, सतपाल सत्तू, दीपक पिंडारा, सुरेश गोयत, पिछड़ा वर्ग से रमेश सैनी, करतार सैनी, पंजाबी समुदाय से राजू लखीना भूपेंद्र सिंह हुड्डा कैंप से प्रमुख दावेदार हैं। रणदीप सुरजेवाला के कैंप से राजकुमार गोयल, रघुवीर भारद्वाज, अंशुल सिंगला टिकट के प्रबल दावेदार है। पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह के कैंप से शिवनारायण शर्मा, जयभगवान गोयल, सोमबीर पहलवान टिकट की दौड़ में शामिल है। कांग्रेस की गुटबाजी कांग्रेस को काफी भारी पहले भी पड़ती रही है। कांग्रेस में कुछ नेता ऐसे नेता भी है जो इस बात की ताल ठोक रहे हैं कि उन्हें चुनाव लड़ना है। क्योंकि उनका अपना राजनीतिक कैरियर है। हांलाकि लोकसभा चुनाव मे जींद विस के कांग्रेस नेता एक जुट होकर चुनाव लडे। लेकिन विधान सभा चुनाव मे एकजुट होकर चुनाव लडेंगे यह मुश्किल है। भाजपा के खिलाफ किसान वर्ग खडा है। जो कि लगातार आद्योलनरत रहा है। भाजपा के प्रति एटी इंकम्बेसी भी है। जिसके चलते लोकसभा चुनाव भाजपा को हारना पडा। अब भाजपा के सामने आने वाले विस चुनाव मे सीट को बचाने की चुनौती होगा तो कांग्रेस के सामने टिकट की लाइन मे लगे सभी इच्छुक को एकजुट रखना चुनौती होगा। हालांकि इनैला तथा जजपा का लोकसभा मे सुपडा साफ हुआ है। विधान सभा चुनाव कुछ 'यादा कर पाएगी उसकी संभावना कम है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005